# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (08.04.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 08.04.2025, PAGE-04

### कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई प्रस्तावों पर बनी सहमति

# वोकेशनल के बढ़े शुल्क पर सिंडिकेट की मुहर

**बीआरएबीयू**



- लॉ के छह कॉलेज भी सिंडिकेट से हुए पास
- कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स पर भी लगी मुहर

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में सोमवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक हुई। बैठक में पिछले सिंडिकेट की बैठक की कार्यवाही, इंप्लीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल में पास हुए वोकेशनल कोर्स और वोकेशनल कोर्स की फीस पर सिंडिकेट की मुहर लग गई। इसके अलावा छह लॉ कॉलेज को भी मंजूरी दी गई।

सिंडिकेट की बैठक में रिजेक्ट हुए 24 कॉलेजों की फिर से जांच कर इसे संबद्धन देने की सहमति बनी। सिंडिकेट सदस्यों ने कुलपति को इसके लिए अधिकृत किया। कुलपति अपने स्तर से इन कॉलेजों की जांच कराकर संबद्धन देने की प्रक्रिया करेंगे। पिछली सिंडिकेट की बैठक में 12 कॉलेजों के संबद्धन को पास किया गया था। बैठक में 12 अप्रैल को होनेवाली सीनेट की बैठक के एजेंडे को भी पास कर दिया गया।

सिंडिकेट की बैठक में आरसी कॉलेज सकरा में कॉमर्स की जगह विज्ञान विषय पास होने का भी मामला उठा। प्रो. शिवानंद सिंह ने कहा कि कॉलेज ने बीकॉम का आवेदन किया था न कि बीएससी का। इसके बाद कार्यवाही में सुधार कर कॉलेज में बीकॉम कोर्स को पास किया गया। इसके अलावा आरसी कॉलेज में पीजी कोर्स के तहत हिन्दी और इतिहास विषय पास किये गये। हिन्दी के प्रो. ललन कुमार के छह महीने के बकाये वेतन को सिंडिकेट से मंजूरी मिल गई। इसके अलावा सीतामढ़ी के गोयनका कॉलेज के पूर्व बर्सर के भी मेडिकल लीव को मंजूरी दी गई। प्रो. ललन ने वेतन नहीं मिलने पर पिछली सिंडिकेट की बैठक में पहुंचकर सदस्यों को ज्ञापन दिया था और वीसी से भी मिले थे।

### इन कोर्सों को मंजूरी

- सर्टिफिकेट इन कंप्यूटर एप्ली.
- सर्टिफिकेट इन क्लीनिकल साइकोलॉजी
- सर्टिफिकेट इन ब्यूटिशियन
- पीजी इन रसियन
- पीएचडी इन रसियन
- सर्टिफिकेट इन फैशन टेक्नोलॉजी
- सर्टिफिकेट इन मधुबनी पेंटिंग
- सर्टिफिकेट कोर्स इन गीता

### वोकेशनल की बढ़ी फीस

- बीसीए और बीबीए फर्स्ट- 15000
- बीसीए व बीबीएम 2-6 सेम.- 7500
- आईएमबी - 15000
- सीएनडी - 15000
- एमसीए प्रथम सेमेस्टर- 25000
- सेकेंड से अंतिम सेम तक- 15000
- बीलिस - 20000
- योगा- 15000
- क्लीनिकल साइकोलॉजी- 12000

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:08.04.2025, PAGE-06

# सीनेट में 36 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को करेंगे पेश

## सिंडिकेट की बैठक में सीनेट के सदस्यों ने कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर निर्णय लेने के लिए वीसी को किया अधिकृत

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए 36 कालेजों का संबंधन प्रस्ताव सीनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। सिंडिकेट सदस्यों ने इसके लिए कुलपति को अधिकृत किया है। इसमें निरीक्षण शुल्क जमा कर चुके कालेजों को संबंधन प्रदान किए जाने पर सदस्यों ने सहमति जताई है। साथ ही इसमें देखा जाएगा कि संबंधन प्रस्ताव की प्रक्रिया में हुई त्रुटि को दूर करते हुए निरीक्षण कराते हुए संबंधन संबंधी प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी तो कुलपति के नेतृत्व में जांच कमिटी का गठन कर कालेजों की दुबारा जांच कराई जाएगी। पिछले दिनों न्यू टीचिंग एंड एफिलिएशन कमिटी ने 36 कालेजों क संबंधन प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद एकेडमिक काउंसिल की बैठक में सदस्यों ने प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे। इसके बाद दुबारा समीक्षा बैठक में केवल 12 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। सिंडिकेट की पहली बैठक में केवल उन्हीं कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर मुहर लगी। सोमवार को न्यू गेस्ट हाउस में कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में आयोजित सिंडिकेट की दूसरी बैठक में सदस्यों ने बाकी कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर निर्णय के लिए कुलपति को अधिकृत कर दिया है।बैठक में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, रजिस्ट्रार डा. संजय कुमार, डा. शिवानंद सिंह, डा. वीरेंद्र चौधरी, डा. नरेंद्र सिंह, डा. हरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित हुए।

- कुलपति की अध्यक्षता में हुई सिंडिकेट की बैठक, इस दौरान कई एजेंडो पर लगी मुहर
- निरीक्षण शुल्क जमा कर चुके कालेजों को संबंधन प्रदान किए जाने पर सदस्यों ने जताई सहमति
- प्रक्रिया में हुई त्रुटि को दूर करने के लिए निरीक्षण कराकर संबंधन संबंधी प्रस्ताव पर होगा निर्णय



विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक करते कुलपति प्रो.डीसी राय • जागरण

### छह कालेजों में एलएलबी की पढ़ाई के लिए सहमति

छह नए कालेजों में एलएलबी की पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय से संबंधन प्रस्ताव को सिंडिकेट से मंजूरी मिल गई। इन कालेजों को पहले ही विश्वविद्यालय की ओर से एनओसी जारी किया गया था। वहीं शिक्षक डा. ललन कुमार के मेडिकल लीव के बदले भुगतान पर सहमति बनी। सिंडिकेट के सदस्यों ने बैठक प्रोसिडिंग में शामिल नहीं करने पर सवाल खड़े किए। पूर्व एमएलसी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि बैठक में हुई चर्चा और निर्णय को प्रोसिडिंग में शामिल नहीं किया जाता है। इस पर कुलपति ने कहा कि इसे शामिल किया जाएगा। वहीं डा. शिवानंद सिंह ने आरसी कालेज सकरा में कामर्स की पढ़ाई की अनुमति प्रदान करने की मुद्दा उठाया। कालेज में हुए कामर्स की पढ़ाई के लिए निरीक्षण हुआ था लेकिन तैयार प्रस्ताव में साइंस दर्ज हो गया था। वहीं कालेज में पीजी में दो विषयों की पढ़ाई स्वीकृत किए जाने पर सहमति बनी है। कालेज की ओर से कुल चार विषयों में पीजी की पढ़ाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

### ला के नए आर्डिनेंस - रेगुलेशन को प्रस्तुत नहीं करने पर सवाल

ला कोर्स में लागू होने वाले सेमेस्टर सिस्टम और इससे जुड़े आर्डिनेंस - रेगुलेशन को पिछले दिनों हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर सदस्यों ने सवाल खड़े किए। डा. हरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर सिस्टम में ला की पढ़ाई हो रही है। यहां वार्षिक मोड में पढ़ाई चल रही है। समिति ने नए कोर्स का आर्डिनेंस - रेगुलेशन तैयार कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया लेकिन इसे एकेडमिक काउंसिल में प्रस्तुत नहीं किया जाना गंभीर मामले है। इस पर कुलपति ने संबंधित कर्मचारी को कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# सीनेट की बैठक में 30 मिनट का होगा प्रश्नोत्तर काल, इसके बाद चुनावी प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 अप्रैल को होने वाली सीनेट की बैठक में 30 मिनट का प्रश्न काल होगा। इसमें सीनेट के सदस्य विभिन्न विषयों पर सवाल पूछेंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारी इसका जवाब देंगे। प्रश्नकाल के बाद सिंडिकेट के सदस्यों की चुनाव प्रक्रिया होगी। इसमें पहले शिक्षक सदस्यों का चुनाव होगा। इसके बाद गैर शिक्षक सदस्यों का चुनाव होगा। इसके बाद एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों के चुनाव के लिए वोटिंग प्रक्रिया होगी। इसके बाद वित्त समिति के चार सदस्यों का चयन भी सीनेट की बैठक में ही किया जाएगा।

**12 अप्रैल को होगी बैठक, पहले सिंडिकेट फिर एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों का चुनाव**

सीनेट की बैठक के लिए तैयार किए गए कार्य सूची में प्रश्नोत्तर काल को पांचवें स्थान पर रखा गया है। सबसे पहले कुलपति प्रो. डीसी राय का अभिभाषण होगा। प्राक्टर प्रो. बीएस राय सिंडिकेट की ओर से पिछले सीनेट की बैठक के वृत्त को अनुमोदित करने का प्रस्ताव रखेंगे। इसके बाद डा. शिवानंद सिंह सिंडिकेट की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावि बजट को सीनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तुत करेंगे। सीनेट की बैठक में बीएचएमएस कोर्स के संशोधित रेगुलेशन 2022 और इसके पाठ्यक्रम को सत्र 2022-23 से अधिगृहित करने पर विचार किया जाएगा।

सिंडिकेट की बैठक में इसे पहले ही मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE:08.04.2025, PAGE-04**

### 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सीनेट हाल में होगी बैठक

# सीनेट बैठक के लिए तैयार एजेंडों पर सिंडिकेट सदस्यों ने दी मंजूरी



वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सीनेट हाल में होगी. इसके लिए तैयार एजेंडे पर सोमवार को सिंडिकेट सदस्यों की मंजूरी मिल गयी है. कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक नये गेस्ट हाउस में हुई. इसमें सीनेट के लिए तैयार एजेंडे पर चर्चा हुई. कॉलेजों के संबंधन के प्रस्ताव पर निर्णय के लिए सिंडिकेट सदस्यों ने कुलपति को अधिकृत कर दिया है. एफिलिएशन कमेटी और एकेडमिक काउंसिल के साथ ही सिंडिकेट से पहले ही संबंधन प्रस्ताव को सशर्त मंजूरी मिल गयी है. सिंडिकेट की दूसरी बैठक में भी इस पर चर्चा हुई, जिसके बाद सदस्यों ने अंतिम निर्णय के लिए कुलपति को अधिकृत कर दिया. बता दें कि कि एफिलिएशन कमेटी ने 36 कॉलेजों को स्वीकृति दी थी, जिसमें इंस्पेक्शन शुल्क विलंब से जमा करने के कारण प्रस्ताव स्वीकृत करने को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी. बैठक में कुलसचिव प्रो. संजय कुमार, कुलानुशासक प्रो. बीएस राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, प्रो. शिवानंद सिंह, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, प्रो. ओपी राय, डॉ. हरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे.



सिंडिकेट की बैठक में उपस्थित सदस्य.

## बीएचएमएस व नये कोर्स पर भी विचार

सीनेट की बैठक में बीएचएमएस कोर्स के संशोधित रेगुलेशन- 2022 और इसके पाठ्यक्रम को सत्र 2022-23 से अधिग्रहित करने पर विचार किया जाएगा. इसमें बाद कॉलेजों के संबधन सहित नये कोर्स और विभाग शुरू करने का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रखा जाएगा. सिंडिकेट सदस्य डॉ. हरेंद्र कुमार ने लॉ कोर्स के नये सिलेबस और ऑर्डिनेंस-रेगुलेशन को स्वीकृति के लिए एकेडमिक काउंसिल या सिंडिकेट में नहीं लाने पर आपत्ति जतायी. इस पर कुलपति ने संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारी को कार्रवाई की चेतावनी दी. बता दें कि एलएलबी व प्री लॉ कोर्स के लिए सेमेस्टर सिस्टम के साथ सिलेबस तैयार किया गया है. लेकिन, लापरवाही के कारण एकेडमिक काउंसिल में भी नहीं रखा जा सका.

## विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक में 30 मिनट का होगा प्रश्नकाल

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 अप्रैल को सीनेट की बैठक होना है, जिसमें सबसे पहले कुलपति प्रो. डीसी राय का अभिभाषण होगा. वहीं तीस मिनट का प्रश्न काल होगा. इसमें सीनेट के सदस्य विभिन्न विषयों पर सवाल पूछेंगे. विश्वविद्यालय के अधिकारी इसका जवाब देंगे. इसके बाद सिंडिकेट के सदस्यों की चुनाव प्रक्रिया होगी. इसमें पहले शिक्षक सदस्यों का चुनाव होगा. इसके बाद गैर शिक्षक सदस्यों का चुनाव होगा. वहीं एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों के चुनाव के लिए वोटिंग प्रक्रिया होगी. प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय सिंडिकेट की ओर से पिछले सीनेट की बैठक के वृत्त को अनुमोदित करने का प्रस्ताव रखेंगे. इसके बाद डा. शिवानंद सिंह सिंडिकेट की ओर से वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के लिए प्रस्तावित बजट को सीनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तुत करेंगे. सीनेट की बैठक के लिए तैयार किए गए कार्य सूची में प्रश्नोत्तर काल को पांचवें स्थान पर रखा गया है.